दैनिक भास्कर 17/01/2023

# विद्यार्थियों व शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के नियम बताए



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज में सड़क सुरक्षा क्लब के सौजन्य से एनएसएस यूनिट ने प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन के निर्देशन में शिक्षकों व विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन ने बताया कि वाहन चलाते समय सावधानी व सजगता जरूरी है। सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रपाल पूनिया ने बताया कि ये कार्यक्रम रोड सेफ्टी वीक 11 से 17 जनवरी के अंतर्गत कराया गया। इसका विषय सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रहा। डॉ. अनीश ने बताया कि विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलवाई। डॉ. सरोज ने कहा कि गाड़ी या बाइक चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें। डॉ. धर्मवीर सैनी ने कहा कि कार चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं।